## खबर संक्षेप

### मैहर में चोरों का बोलबाला

**मैहर।** उदयपुर मैहर वार्ड नंबर 2 गुरुकुल स्कूल के पहले डोला सेठ के डेरी कारखाने के सामने जोधा हाऊस दीपेंद्र प्रजापति के घर 16 तारीख की रात 3 बजे सूना घर देख चोरों ने धावा बोल दिया और घर में रखे कीमती वस्तु सोने चांदी नगद रखे रुपए को पार कर दिया। सीसीटीवी कैमरे में साफ दिख रहे हैं कि कैसे एक चोर रैकी कर रहा है। वहीं दो चोर घर के अंदर से चोरी की वारदात को अंजाम देकर बाइक में बैठकर वहां से चले जाते हैं। मैहर में यह बाइक सवार चोर आए दिन ऐसी चोरी की घटना को अंजाम देते आ रहे हैं।

### लावारिश हालत में मिली वजनी तिजोरी

**मैहर।** जिले के भरौली में हाइवे के किनारे एक बड़ी और भारी तिजोरी पड़ी मिली है। सूचना के बाद अमदरा पुलिस इसे अपने साथ ले गई है। माना जा रहा है कि किसी बड़ी घटना को अंजाम देकर ये तिजोरी लाई जा रही थी लेकिन भयवश यहां फेंक कर भाग निकले हैं लोग।पुलिस अभी मामले में चुप्पी साधे हुए है। वहीं थाना पुलिस ने बंद तिजोरी को सील बंद किया है। इस पर निर्णय आगे लिया जाएगा। तिजोरी काफी वजनी बताई जा रही है। अभी तक किसी ने तिजोरी के लिए दावा नही किया है।

### बिना अनुमति संचालित कबाड़ की दुकानों पर प्रशासन की नहीं है नजर

**मैहर।** भदनपुर में बिना किसी शासकीय अनुमति के कई कबाड़ की दुकानें संचालित हो रही हैं जो स्थानीय प्रशासन के लिए चिंता का विषय है।बताया जा रहा है कि एक छोटे से गांव में इतनी बड़ी संख्या में कबाड़ की दुकानें कैसे चल रही हैं। यदि यह वैध व्यवसाय है तो प्रशासन को पहल कर सरकार की मनसा अनुरूप और लोगों को भी कबाड़ व्यवसाय का अवसर देना चाहिए। ग्रामीणों के द्वारा स्थानीय पुलिस अधिकारियों का ध्यान आकृष्ट कराते हुए इन दुकानों का निरीक्षण करने की मांग है ताकि संचालन में पारदर्शिता बनी रहे और दुकानदार खुद को सुरक्षित महसूस करें। स्थानीय लोगों का कहना है कि एक गांव में 5 से 10 कबाड़ दुकानों का होना रोजगार के नए अवसर जैसा है।

### 10 दिन तक बंद रहेगा मैहर में मां शारदा मंदिर का रोपवे

**मैहर।** मां शारदा मंदिर रोपवे का आगामी चैत्र नवरात्रि को देखते हुए मेंटेनेंस किया जा रहा है। दर्शनार्थियों की सुरक्षा व्यवस्था के आवश्यक रख रखाव एवं मेंटेनेंस के लिए 17 से 26 मार्च तक दामोदर रोपवे बंद रहेगा। यह जानकारी रोपवे का संचालन करने वाली एजेंसी ने दी है। एजेंसी ने दर्शनार्थियों को होने वाली असुविधा के लिए खेद भी जताया है।

### कांशीराम की 91 वें जन्मदिन पर जिला स्तरीय विचार संगोष्ठी का आयोजन

**मैहर।** मैहर जिले के सोनवारी पंचायत में काशीराम की जयंती मनायी गयी। इस अवसर पर आए अतिथियों ने अपने अपने विचार रखे। बहुजन समाज पार्टी के नेताओ ने अभिभाषण में कहा सामाजिक आंदोलन में कांशीराम भाव,निभाव,एवं भावनाओं का संयोजन थे। जब तक आपको यह एहसास नहीं होगा कि आप संरचना में किस हाशिये से आते हैं आप उस व्यवस्था के खिलाफ आवाज़ नहीं उठा सकते है। इसका उदाहरण जोतीराव फुले,छत्रपति शाहू जी महाराज,डॉ.आंबेडकर और कांशीराम के विचारों में देखने को मिलती है।नरेंद्र कुमार ने कहा कि भारतीय समाज भावनाओं में बिखरा हुआ समाज है,जो परिवार, रिश्तेदार, रसूखदार के भाव से ओतप्रोत रहा है।क्योंकि इसकी संरचना में भावनाओं की जगह आपसी संबंधों से निर्धारित होती है जैसा कि दार्शनिक बहुजन समाज की सच्चाई से परिचित हो जाने के बाद जनता के बीच इतिहास का सीधा संवाद स्थापित करने के लिए कांशीराम ने 'मेला ऑन व्हील्स' की शुरुआत की उन्होंने इसके माध्यम से जनता के बीच उनके समाज के महापुरुषों से परिचित कराया।

## होली के दिन हनुमान नगर नई बस्ती और


# सर्किट हाउस के पीछे चला चाकू, एक की मौत
























### घटना के दो दिन बाद पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर कोर्ट में किया पेश,भेजा गया जेल

होलिका दहन की रात शहर के कोलगवां और सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के दो इलाकों में खून की होली खेली गई। यहां दो पक्षों के बीच हुई मारपीट और चाकू बाजी की घटना में एक युवक की मौत हो गई जबकि दूसरे युवक को घायल अवस्था में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां पर उसका इलाज किया जा रहा है।

**सतना।**

पुलिस ने घटना के दो दिन बाद सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है। चाकू बाजी की घटना हनुमान नगर नई बस्ती और सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के सर्किट हाउस के पीछे घटित हुई है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक फरियादी अनिकेत कुशवाहा उर्फ बिट्टू बुलेट पिता संजय कुशवाहा उम्र 24 वर्ष निवासी वार्ड क्र.17 हनुमान नगर नई वस्ती ने सूचना दी कि 14 मार्च की रात करीब 8.45 बजे मैं अपने साथी शुभम सिंह बरगाही,राजू उर्फ बृजेन्द्र चौधरी (वर्मा),गुलशन कुशवाहा,के के कुशवाहा सभी लोग बैठकर चाय पी रहे थे कि उसी समय उत्कर्ष सिंह सिंघानिया,पवन दाहिया व अमन चौरसिया, गोलू उर्फ प्रकाश पटेल,शिवम चौरसिया,मनीष विश्वकर्मा उर्फ 3 जी,आदर्श चौरसिया,हिमांशु गौतम व उसके 2 अन्य साथियों के साथ मोटर साईकिलो से नई वस्ती तरफ से आये तथा मेरी दुकान में रूक कर उत्कर्ष सिंघानिया बोला कि आज शुभम बरगाही और राजू चौधरी दोनो को जान से खत्म कर दूंगा। इतना कहकर दो गोली फायर किया। जो हम लोगों के सिर के ऊपर से गोलियां निकल गईं। तब हम सभी लोग डर कर भागने लगे तो इतने मे उत्कर्ष सिंघानिया,अमन चौरसिया,पवन दाहिया तीनो लोग शुभम बरगाही व राजू चौधरी को पकड लिये तथा तीनों लोग चाकू से मारते हुए मोटर साईकिल में शुभम बरगाही और राजू चौधरी को बैठाकर रीवा रोड तरफ लेकर चले गये। कुछ ही समय में अंशू बरगाही मुझे फोन लगाकर बताया कि राजू चौधरी को उत्कर्ष सिंघानिया,अमन चौरसिया,पवन दाहिया लोग चाकू से मार दिया है। तब मैं अपने साथी सौरभ वर्मा के साथ शुभम बरगाही को ढूढ़ने लगा तो मेरी दुकान के थोडा-सा आगे ट्रान्सपोर्ट नगर में शुभम बरगाही औधे मुंह पडा था,सांसे नही चल रही थी। मैं अपने साथी सौरभ वर्मा के साथ मोटर साईकिल में बैठाकर शुभम बरगाही को अस्पताल लेकर आया तो डाक्टर ने देखकर कहा कि शुभम खत्म हो गया है। राजू चौधरी भी अस्पताल में भर्ती है। सूचना पर थाना कोलगंवा में अप.क्रं.261/25 धारा 103(1),109,190,191(2),191(3) बीएनएस का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया हैं ।

### गिरफ्तार किए गए आरोपियों के नाम

कोलगवां पुलिस ने जिन आरोपियों को गिरफ्तार किया है उसमें उत्कर्ष सिंह उर्फ बेटू पटेल,अमन उर्फ शुभ चौरसिया, पवन दाहिया, मनीष विश्वकर्मा उर्फ थ्रीजी,आदर्श चौरसिया उर्फ अर्जुन चौरसिया,शिवम चौरसिया और प्रकाश उर्फ गोलू सिंह पटेल हिमांशू गौतम शामिल है। आरोपियों के कब्जे से 1 अदद 315 बोर का देशी कट्टा,01 जिन्दा कारतूस,01 खाली खोखा 315 बोर का व घटना में प्रयुक्त चाकू 03 नग,घटना में प्रयुक्त वाहन 02 स्कूटी व 01 मोटर सायकल जप्त की गई है। इस कार्रवाई में निरीक्षक सुदीप सोनी,उपनिरी.पवन राज,प्रआर.बृजेश सिंह,वाजिद खान,अंकित सिंह,आर.धर्मेंद्र गुर्जर,कृष्ण रंजन,राहुल,सायबर सेल सतना से उ नि अजीत सिंह स उ नि दीपेश पटेल आदि शामिल हैं।

### सर्किट हाउस के पीछे चला चाकू

होली के दिन आंटी चाय दुकान के पास प्रेम नर्सिंग होम के सामने सतना में लाठी,डंडा व चाकू से मार पीट करने वाले आरोपी सूरज दाहिया पिता बबलू दाहिया उम्र 22 वर्ष निवासी डालीबाबा,बेटू मंसूरी पिता सुबराती मंसूरी उम्र 24 वर्ष निवासी नजीराबाद कुआं के पास,व विराट बिन्द पिता रंगदेव बिन्द उम्र 22 वर्ष निवासी डालीबाबा,को पुलिस द्वारा अलग अलग जगह दबिश देकर पुलिस ने गिरफ्तार कार्यालय में पेश किया। बताया जाता है कि बंगाली सरकार रेलवे स्टेशन में खुद की टैक्सी चलाता है। पुरानी रंजिश को लेकर आरोपियों ने उसके घर के पास चाकू से हमला करके गंभीर रूप से घायल कर दिया था और फरार हो गए थे। घायल का इलाज बिड़ला विकास अस्पताल में किया जा रहा है।

### राजू सरकार को चाकू मार कर घायल करने वाले आरोपियों के नाम

सर्किट हाउस के पास राजू सरकार पिता राजेंद्र बंगाली उम्र 20 वर्ष को चाकू मार कर घायल करने वाले गिरफ्तार किए गए आरोपियों के नाम सूरज दाहिया पिता बबलू दाहिया उम्र 22 वर्ष निवासी डालीबाबा सतना थाना सिटी कोतवाली,बेटू मंसूरी पिता सुबराती मंसूरी उम्र 24 वर्ष निवासी नजीराबाद कुआं के पास सतना थाना सिटी और विराट बिन्द केवट पिता स्व रंगदेव केवट उम्र 22 वर्ष निवासी डालीबाबा शामिल है।






## खेलकूद, रंगारंग कार्यक्रम और भोजन का भी किया गया आयोजन

# कलेक्टर आवास पर बच्चों के साथ मनाई गई होली

**सतना।**

रविवार को सिविल लाइन स्थित कलेक्टर सतीश कुमार एस के सरकारी आवास पर बाल रंग उत्सव 2025 कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में बच्चे मौजूद रहे। जिनके साथ कलेक्टर के अलावा अन्य विभाग के विभागों के अधिकारी और चिल्ड्रन वेलफेयर सोसाइटी के सदस्यों ने रंग बिरंगे फूलों और गुलाल लगाकर होली खेली। इस दौरान यहां पर बच्चों के खेलकूद के अलावा स्वरुचि भोजन का भी इंतजाम किया गया था। आपको बता दें कि कोरोना काल के समय जिन बच्चों के माता-पिता नहीं रहे,उन बच्चों को पालने का जुम्मा जिला प्रशासन ने लिया है। बच्चों को जिला प्रशासन के अलावा विभिन्न कंपनियों के सीएसआर के तहत शिक्षा स्वास्थ्य व की जिम्मेदारी निभाई जा रही है। कार्यक्रम में 100 बच्चे मौजूद रहे यहां पर मनोरंजन के लिए





गीत संगीत कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया था और तरह-तरह की व्यंजन के अलावा खेल कूद का भी बच्चों ने जमकर आनंद लिया। इस अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कलेक्टर सतीश कुमार एस ने सभी बच्चों को होली की बधाई और शुभकामनाएं दी। उन्होंने बताया कि कोरोना काल के दौरान जिन बच्चों की माता-पिता नहीं रहे उनके जीवन को सवारने शिक्षा और स्वास्थ्य की जिम्मेदारी केंद्र और राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं के तहत जिला प्रशासन द्वारा जन भागीदारी के जरिए जिम्मेदारी को निभाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार और जिला प्रशासन की मंशा है कि बच्चे अपने जीवन को लक्ष्य प्राप्त कर सकें उन्हें किसी प्रकार की समस्या ना हो वह स्वस्थ रहें। उन्होंने बताया कि यह कार्यक्रम पिछले 3 साल से किया जा रहा है। मालूम हो कि बाल उत्सव कार्यक्रम का यह चौथा साल है।

# सतना का राजनैतिक नेतृत्व कमजोर : रघु ठाकुर

### समता का सपना और बराबरी की भूख ही समाजवादी आंदोलन का आधार बनेगी



**सतना।**

प्रख्यात समाजवादी चिंतक और जन नेता रघु ठाकुर का रविवार को सतना आगमन हुआ। उन्होंने कहा कि देश के हालात अच्छे भी हैं और चिंताजनक भी जो उच्च वर्ग है मध्यम वर्ग है खुश है कि आयकर की छूट सीमा बढ़ गई जो गरीब है वह खुश है कि 5 किलो अनाज मिल रहा है। लाडली बहने खुश हैं कि उन्हें कुछ मिल रहा है। शादी ब्याह बिजली पानी फ्री में मिल रहा है। परंतु चिंताजनक यह है कि देश की 85 करोड़ आबादी को इंसान से जानवर बना दिया गया। इस अर्थ में कि पेट भरो, शराब पीओ और मर जाओ, देश के सामने कोई सपना नहीं है यह दौर प्रकृति के लिए भयावह होता है जब समाज के समक्ष कोई सपना ना हो हमें अब समाज को बराबरी का सपना दिखाना है और बराबरी की भूख पैदा करना समता का सपना और बराबरी की भूख ही समाजवादी आंदोलन का आधार बनेगी। समाजवादी आंदोलन का भविष्य अच्छा है और समाजवादी विचार की यह ताकत है कि पूंजीवादी, सामंतवादी सत्तावादी,परिवारवादी,जातिवादी,संप्रदाय वादी सभी समाजवाद की चर्चा करने को लाचार हैं।अगर बुराई भी अच्छाई की चर्चा करने को लाचार है तो यह अच्छाई की ताकत है।

### रीवा शहर हो गया, सतना गांव बन गया

रघु ठाकुर ने तकलीफ व्यक्त करते हुए कहा कि आज काफी दिनों बाद सतना आया और दो बदलाव देखे 90 के दशक में सतना शहर था और रीवा गांव था और आज 2025 में रीवा शहर हो गया सतना गांव हो गया इसका कारण यहां का राजनैतिक नेतृत्व है वह कमजोर है दल बदल के रेत के खंभे में मजबूती इमारत नहीं टिकती यहां की राजनीति व्यक्ति संपन्नता की हो गई है यह अपरिहार्य नियम है की नेता अमीर होता है तो जनता फकीर होती है यही देश की स्थिति है। इस अवसर पर समाजवादी नेता अधिवक्ता सुरेंद्र शर्मा,वरिष्ठ नेता विंदेश्वरी पटेल कटनी,काशी पटनहा,गोविंद द्विवेदी एड,शंकरदीन कुशवाहा एड,विनीत सहगल,गोरेलाल सिंह,कृष्ण कुमार कुशवाहा,विजय सिंह एड,जितेंद्र कुशवाहा साहित अन्य शरीक रहे।

### दिवंगत समाजवादी नेताओं के घर पहुंचे,दी श्रद्धांजलि

श्री ठाकुर सतना जिले के दिवंगत तीनों समाजवादी नेताओं अधिवक्ता स्व मुरलीधर शर्मा, पिछड़ा वर्ग आयोग के पूर्व सदस्य द्वय स्व लक्ष्मी यादव एवं दयानंद कुशवाहा के निवास पहुंचकर उनके चित्र पर उन्हें पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित कर उनके आत्मा की शांति की प्रार्थना की।

# मऊगंज में मारपीट में शहीद हुए पुलिस अधिकारी को गृह ग्राम में दी गई अंतिम विदाई





**सतना।** मऊगंज की घटना में शहीद हुए सहायक उप निरीक्षक रामचरण गौतम का शव उसके गृह ग्राम गोलुआ पवैया पहुंचा जहां उन्हें भावभीनी अंतिम विदाई दी गई। इस मौके पर राज्य मंत्री प्रतिमा बागरी कलेक्टर सतीश कुमार एस,एसपी आशुतोष गुप्ता श्रद्धांजलि अर्पित करने गुलुआ पवईया गांव पहुंचे थे। मृतक एएसआई रामगोविंद गौतम 25वीं बटालियन भोपाल में थे।वे सतना के कोठी थाना इलाके के पवैया गांव के रहने वाले थे। 8 महीने बाद उनका रिटायरमेंट था। बताया जाता है कि मऊगंज में सड़क दुर्घटना में गांव के एक युवक की मौत हो गई थी। इसके बाद ग्रामीणों ने राहिल उर्फ सनी नामक युवक को हत्या करने का शक होने पर बंधक बनाया था। उसके साथ इतनी मारपीट की,कि उसकी मृत्यु हो गई। मामले में परिजनों के शिकायत के बाद पुलिस बल मामले को शांत कराने गई तो ग्रामीणों ने उनके ऊपर भी हमला कर दिया। पूरी घटना में पुलिस एएसआई की भी मौत हो गई। इसके बाद से इस मामले ने अधिक तूल पकड़ लिया है। इस मामले में मध्य प्रदेश के डायरेक्टर जनरल ऑफ पुलिस कैलाश मकवाना रविवार को मऊगंज पहुंचे उन्होंने रीवा में अधिकारियों की बैठक ली और पूरी घटनाक्रम की जानकारी ली। **एएसआई स्व.गौतम को दिया जाएगा शहीद का दर्जाः मुख्यमंत्री** - मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने कहा है कि जिला मऊगंज के शाहपुर थाना क्षेत्र के गड़रा गांव में हुई दुर्घटना में कर्तव्य निर्वहन के दौरान अपने प्राणों का उत्सर्ग करने वाले एएसआई (25वीं बटालियन) रामचरण गौतम को शहीद का दर्जा दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि स्व.गौतम के आश्रितों को एक करोड़ रुपए की सहायता राशि उपलब्ध कराई जाएगी। मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने कहा कि शहीद रामचरण गौतम के पात्र उत्तराधिकारी को शासकीय सेवा में लिया जाएगा। यह उनके बलिदान के प्रति श्रद्धा,आस्था और राज्य सरकार की परंपरा व कर्तव्य का प्रकटीकरण है। मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने मीडिया को जारी संदेश में यह विचार व्यक्त किए।

खबर संक्षेप

### दबंगों ने की युवक के साथ मारपीट, हरिजन एक्ट का मामला दर्ज

**अमानगंज** थाना क्षेत्र के ग्राम सिरी में एक युवक के साथ दबंगों ने मारपीट की। घटना के विषय में फरियादी सुखदीन पिता बाल किशन प्रजापति उम्र 27 वर्ष निवासी ग्राम सिरी ने थाना पहुंचकर पुलिस को जानकारी देते हुए बताया कि, मैं गांव में अस्पताल के पास था की वहीं श्याम कुशवाहा और प्रवीण कुशवाहा गाली देते हुए हल्ला मचाए हुए थे। जिन्हें मैंने शोर करने से मना किया तो दोनों ने मुझे गाली देते हुए मेरे साथ मारपीट की। फरियादी की सूचना पर अमानगंज थाना पुलिस ने आरोपी श्याम कुशवाहा और प्रवीण कुशवाहा के खिलाफ हरिजन एक्ट का अपराध दर्ज कर मामला विवेचना में लिया।

### प्राणनाथ मंदिर में फूलों की पंखुड़ियां और केसर के रंगों सें खेली गई होली



**पन्ना।** प्रणामी धर्म का आस्था का केंद्र धाम पन्ना के श्री प्राणनाथ जी मंदिर में वैसे तो प्रत्येक त्योहर बड़े ही उत्साह और धूमधाम से मनाया जाते हैं। इन त्योहारों में शिरकत करने जहां देश के कोने कोने से लोग आते हैं तो वहीं विदेश से भी एनआरआई यहां के त्योहरों का आनंद लेने आते हैं। इस मंदिर में अनेक भाषाओं और वेशभूषा के लोग जब हजारों की संख्या में एकत्रित होते हैं, ये सभी एक ही रंग में रंगे दिखते हैं ऐसा दृश्य शायद ही कहीं और देखने को मिलता हो। प्राणनाथ जी मंदिर में होली का त्यौहार मथुरा, वृंदावन की तर्ज पर मनाया जाता है। होली का त्योहार भी बड़े ही धूम धाम के साथ मनाया गया, फूल के रंग, सुंगधित फूलों एवं केशर के रंग से होली खेली गई। मंदिर की इस अनूठी होली का आनंद लेने देश के कोने-कोने से लोग यहां आते हैं और यहां की होली के रंग में सराबोर होते हैं। पन्ना के श्री प्राणनाथ जी मंदिर में होली का त्यौहार मथुरा, वृंदावन की तर्ज पर मनाया जाता है। हजारों की संख्या में देश के कोने-कोने से लोग आकर पूरी श्रद्धाभाव से त्योहार मनाते हैं। यहां केमिकल युक्त रंगों का प्रयोग नहीं होता सिर्फ फूल के रंग के साथ-साथ शुद्ध गुलाल से होली खेली जाती है। इस वर्ष भी भारी उत्साह के साथ होली खेली गई। जिसमें हजारो सुन्दर साथ नें होली का आनन्द उठाया।

### वन परिक्षेत्र पवई के प्लांटेशन की बरोहा चौकी में बीट गार्ड के भतीजे ने चौकीदार के साथ की मारपीट, मामला दर्ज

**अमानगंज।** फरियादी द्वारका प्रसाद कुशवाहा पिता बंधु कुशवाहा उम्र 61 साल निवासी गड़ोखर ने थाना अमानगंज उपस्थित होकर जुबानी रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि मैं वन विभाग में श्रमिक चौकीदार के रूप में कार्य करता हूं दिनांक 14 मार्च 2025 के दोपहर 3:00 बजे में वन विभाग की चौकी में था की तभी प्रताप यादव के भतीजे गोपाल यादव निवासी ग्राम मझगवां शेख एवं उसके साथी कल्ला बेसिन दोनों शराब के नशे में आए और मुझे गोपाल यादव बोला की जाओ मेरे लिए पानी ले आओ मैंने लाकर पानी दिया तो मुझे गाली देते हुए बोला कि गर्म पानी लाया है ठंडा पानी क्यों नहीं लाया और मेरे साथ लात घूसों से मारपीट कर दी। जिससे मेरे दाहिने कान के ऊपर चोट आई है साथ ही गाली गलौज करते हुए कहा कि किसी दिन मिलेगा तो जान से मार कर खत्म कर दूंगा पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ मारपीट का मामला दर्ज कर विवेचना में लिया।

### यादवेंद्र क्लब पर्यटन विभाग को सौंपने के विरोध में उतरे पूर्व खिलाड़ी

**पन्ना।** नगर के ऐतिहासिक धरम सागर तालाब के किनारे स्थित यादवेंद्र क्लब जो स्टेट टाइम से बिलियर्ड, टेबल टेनिस, लांग टेनिस, बैडमिंटन, कैरम एवं अन्य खेलों के लिए प्रसिद्ध रहा है। यहां ऑफिसर्स महिलाओं का भी क्लब चलता था और जिले का इकलौता क्लब कहा जाता है हाल ही में इसे पर्यटन विभाग को सौंप जाने की चर्चाओं पर पूर्व खिलाड़ी सुरेंद्र सिंह परमार सहित नगर के अन्य वरिष्ठ एवं पूर्व खिलाड़ियों ने भी विरोध शुरू कर दिया है।

# जिले में मनाया गया हर्षोल्लास एव उमंग के साथ होली पर्व







होली बसंत ऋतु के आगमन का प्रतीक है होली का त्योहार बेहद धूमधामए उल्लास और पूरी मौज.मस्ती के साथ मनाया जा रहा है। देश की राजधानी दिल्ली से लेकर उत्तर प्रदेश और देश के तमाम राज्यों में लोगों ने रंगों के इस पर्व को पूरी मौज.मस्ती और खुशी के साथ मनाया।

**पन्ना।**

तमाम बड़े नेताओं ने भी अपने आवास पर होली खेली और देशवासियों को इस रंग.बिरंगे त्यौहार की शुभकामनाएं दी। लोगों ने इस दौरान एक.दूसरे को गुजियाए मिठाईए पापड़ आदि खिलाए और अपनी खुशी का इजहार किया। होली पर्व पर पर्व मंत्री सुश्री कुसुम सिंह महदेले जी के निवास पहुंचकर गुलाल लगाकर आर्शीवाद प्राप्त किया। साथ ही भाजपा जिलाध्यक्ष बृजेन्द्र मिश्रा जी के यहां पहुंचकर भाजपा मण्डल धरमपुर के अध्यक्ष धीरेन्द्र लोधी सहित पूरी टीम के साथ जिला अध्यक्ष जी, पटवारी संघ के जिलाध्यक्ष श्री बागरी एवं हमारे मार्गदर्शक विमल यादव जी पटवारी साहब, धर्मेन्द्र सिंह, महेन्द्र यादव पार्षद, मनोज राजा, धीरेन्द्र सेन, महेन्द्र सिंह को रंग गुलाल लगाकर एक-दूसरे को शुभकामनायें दी। इसके साथ ही कांग्रेस जिलाध्यक्ष शिवजीत सिंह भईया राजा जी के यहां पहुंचकर टीम के साथ गुलाल लगाकर शुभकामनायें प्रेषित की। साथ ही सांची दूध डेयरी पन्ना में प्रोफेसर जयपाल लोधी, ओमलोधी पूर्व सरपंच देवगांव, मनीष महदेले, शिक्षक रामानंद लोधी, चंदन यादव, संदीप यादव, लाला भईया रामप्रकाश पाल पटवारी, आनंद लोधी लोधी क्रांति जिलाध्यक्ष, गिरधारी लाल लोधी, अरविन्द्र लोधी एवं विकास लोधी मैसकॉट हॉस्पिटल पन्ना सहित मित्रों ने गुलाल लगाकर गलेमिलकर एक-दूसरे को शुभकामनायें दी। इसके साथ ही व्याख्याता शिवमोहन सिंह लोधी जी के साथ महिला बाल विकास विभाग अधिकारी उदल सिंह ठाकर जी के निवास पहुंचकर, राजा महदेले भाईसाब, योगेन्द्र लोधी, दिनेश लोधी, शिक्षक रामनरेश लोधी जी, शिक्षक रजोल लोधी जी, राजललन लोधी, पत्रकार साथी संदीप पाण्डेय यहां पहुंचकर एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनायें दी। साथ ही पत्रकार जनसंदेश के ब्यूरे चीफ भाई संजय सिंह राजपूत जी के निवास पहुंचकर सापरिवार को मिठा खिलाकर रंगों का महापर्व होली की शुभकामनायें दी। इसके साथ ही राजपूत मेडिकल संचालक संजय राजपूत, मूरत सिंह लोधी शिक्षक सेवानंद लोधी, श्री त्रिपाठी जी, पत्रकार ऋषि मिश्रा, पुष्पराज, रावेन्द्र शिक्षक के साथ होली बड़े धूमधाम से हर्षोउल्लास के साथ मनाई गई।

## मौसम बदलने से किसानों की बढ़ी चिंता बारिश ओलावृष्टि हुई तो फसल होगी बर्बाद

### 16 मार्च रविवार की सुबह से आसमान पर अचानक बादल छाय हुए हैं दोपहर के बाद

**पन्ना।** जिले में हल्की बूंदाबांदी हुई है जो अभी गरज के साथ जारी है गरज के साथ हुई हल्की बूंदाबांदी के बाद से किसानों की धड़कनें तेज हो गई। किसानों का कहना है कि हमारी गेहूं, चना, धनिया मटर सरसों मसूर सहित अन्य रबी फसलें पक कर तैयार हैं, जिसे काटने के लिए किसानों द्वारा तैयारी की जा रही है पन्ना सलेहा क्षेत्र में मसूर की कटाई के साथ गहाई भी हो गई है कई किसानों की मसूर के ढेर लगे हुए हैं चना कि कटाई तेजी से चल रही जो अभी सप्ताह भर चलेगी गेहूं फसलें अभी पूर्ण रूप से नहीं पकी है इस कारण नाम मात्र कटाई नहीं हुई है चना कि भी गहाई नाम मात्र नहीं हुई है आसमान पर अचानक छाए काले बादलों व रिमझिम हुई बारिश से किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें बढ़ा दी हैं। किसानों का कहना है कि अगर बारिश हुई तो खेतों में खड़ी फसलों को भारी नुकसान होगा, यदि दुर्भाग्य से कहीं ओलावृष्टि हो गई तो हम बर्बाद हो जाएंगे मौसम विभाग द्वारा तीन दिन तक बारिश के संकेत दिए हैं चिंतित किसानों ने गेहूं, चना, जौ, सहित अन्य फसलों को काटना शुरू कर दिया है। जिसमें अधिकांश किसानों ने तो काले बादलों से डर कर अपनी फसल को पूरी तरह पकने से ही पहले काटना शुरू कर दी है। कटी फसलों में ओलावृष्टि का प्रभाव कम पड़ता है। यही बजह है कि नुकसान से बचने हेतु छोटे किसान अपने परिवार के साथ फसलों की कटाई में जुट गए हैं।

**'कटाई मजदूरों कि कमी ने किसानों की बढ़ाई चिंता'**

बादल छाने के बाद आज हुई हल्की बारिश के बाद छोटे किसान व चौतुए मजदूरों ने अपने खेतों में खड़ी फसलों की कटाई करवाना शुरू कर दिया है। चना सभी किसानों का एक साथ पकजाने से ऐसे में मजदूरों की कमी हो गई है और बड़े किसानों को अपनी फसलों को कटाने के लिए मजदूर नहीं मिल रहे हैं। फसलों के खराब होने के डर से बड़े किसानों को आसपास के मजदूरों को बुलाना पड़ा है जिनसे किसानों ने अपनी फसलों की कटाई शुरू कर दी है सलेहा अंचल में चना की फसल एक साथ पकजाने एवं साथ मौसम में आए बदलाव और मजदूरों की कमी के चलते मजदूरों ने भी अपनी मजदूरी के दाम बढ़ा दिए हैं। किसानों की मानें तो अब किसानों को दुगनी एवं डेढ़ गुनी कटाई देनी पड़ रही है सभी मौसमी फसलें पकी खड़ी है अगर बारिश हो गई तो फसलों को भारी नुकसान हो जाएगा और यदि ओले गिर गए तो किसान कहीं के नहीं रहेंगे। किसानों ने कहा भगवान से विनती है किसानों पर कोई आपदा न आए। हालांकि हल्की बारिश से नुकसान नहीं है। और किसान भगवान से विनती में लगा है कि हल्की बारिश हो जाए पर तेज बारिश एवं ओलावृष्टि जैसे आपदा ना आए।

**अजयगढ़ तहसील में शांति पूर्ण आपसी सौहार्द्र से मनाई गई होली ओर पढ़ी गई जुमा की नमाज**

## नगर के चप्पे चप्पे पर पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था रही तैनात





**अजयगढ़।**

पन्ना जिले के अजयगढ़ में दिनांक 14 मार्च को होली धूमधाम से मनाई गई एवं रमजान मुबारक के जुमा की नमाज भी शांतिपूर्ण माहौल में अदा कि गई । होली पर्व में सुबह से ही युवाओं की टोली बेंड बाजा सहित नगर में भ्रमण करते हुए लोगो से गले मिलकर गुलाल लगा कर धूमधाम से होली मनाई गई एवं शाम तक विभिन्न जगहों में कार्यक्रम आयोजित कर होली पर्व मनाया गया है। वही दोपहर 1 बजे करीब मुस्लिम भाइयों के द्वारा रमजान मुबारक का दूसरा जुमा आपसी सौहार्द से अदा किया गया। शांति पूर्ण होली एवं जुमा की नमाज अदा करने में एसडीएम आलोक मार्को एसडीओपी राजीव सिंह भदौरिया तहसीलदार सुरेन्द्र कुमार एवं थाना प्रभारी रवि सिंह जादोंन का अहम किरदार रहा है। बताया गया है कि दोनों समाज के लोगो से थाना प्रभारी रवि सिंह जादोंन द्वारा संपर्क स्थापित करते हुए होली एवं जुमा की नमाज शांतिपूर्ण अदा कराई गई। इस दौरान नगर में कोई भी अप्रिय घटना घटित नही हुई। क्योंकि इस बार पुलिस व्यवस्था चुस्त दुरुस्त थी और आपराधिक असामाजिक तत्वों पर पैनी नजर थी और कइयों को हिदायत भी दी गई थी दोनों कार्यक्रम शांतिपूर्ण सम्पन्न होने पर समस्त समाज के लोगो के द्वारा एसडीएम एसडीओपी तहसीलदार व थाना प्रभारी की सराहना की गई है वही मुस्लिम समाज के सदर मोहम्मद नसीर के द्वारा भी शांतिपूर्ण कार्यक्रम होने पर अजयगढ़ थाना प्रभारी रवि सिंह जादोंन की सराहना की गई है।



## पन्ना में आयोजित 16 वें नेशनल यूथ गेम्स में एमपी व यूपी का दबदबा

### कई राज्यों के खिलाड़ी हुए शामिल, विभिन्न खेलों की हुई प्रतियोगिताए




**पन्ना।**

नगर के नजर बाग ग्राउंड में आयोजित 16 वें नेशनल यूथ गेम्स में मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, उत्तराखंड, महाराष्ट्र, गुजरात, हरियाणा सहित कई राज्यों के खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया जहां एथलेटिक्स, बास्केटबाल, फुटबॉल, कबड्डी, खोखो, आर्चरी, कुश्ती, मार्शल आर्ट सहित कई प्रकार की खेल प्रतियोगिताएं संपन्न हुई। हालांकि यह राष्ट्रीय स्तर का कार्यक्रम 15 से 17 मार्च तक चलना था लेकिन परीक्षाओं की वजह से अधिक टीमें नहीं पहुंच सकीं जिससे समस्त प्रतियोगिताएं 16 मार्च को 1 दिन में ही संपन्न करवा दी गई हैं, जिसमें मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश के खिलाड़ियों का दबदबा बताया गया है। प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों को मुख्य अतिथि पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं पन्ना विधायक बृजेंद्र प्रताप सिंह के द्वारा अपने हाथों से मेडल पहनाए गए, इस अवसर पर विधायक श्री सिंह ने खेल प्रशिक्षक राहुल गुर्जर की सराहना करते हुए बताया कि जब से पन्ना में खेल प्रशिक्षक के रूप में राहुल गुर्जर ने कमान सम्हाली है, खिलाड़ी डिसट्रिक्ट, स्टेट व नेशनल से लेकर इंटरनेशनल तक पन्ना का नाम रोशन कर रहे हैं। कार्यक्रम में पूर्व खिलाड़ी सुरेंद्र सिंह परमार, मंडल अध्यक्ष कैलाश गुप्ता, मंडल प्रतिनिधि राजकुमार वर्मा, क्रीड़ा अधिकारी राजेश मिश्रा सहित खेल एवं युवा कल्याण विभाग के अधिकारी कर्मचारी, जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक, वरिष्ठ खिलाड़ी व बाहर से आए खिलाड़ी और उनके प्रशिक्षक उपस्थित रहे।

## ग्रामीणों ने कलेक्टर और परियोजना अधिकारी को सौंपा ज्ञापन



**पन्ना।**

जिले की मोहद्रा ग्राम पंचायत अंतर्गत वार्ड क्रमांक 7 और 8 के आंगनबाड़ी केंद्र का संचालन पुराने शासकीय भवन में बीते कई दशकों से हो रहा है भवन जर्जर हो जाने के कारण नवीन भवन स्वीकृत किया गया है इसकी राशि भी आवंटित हो चुकी है लेकिन कुछ लोगों द्वारा यह नवीन भवन किसी दूसरे स्थान और अन्य वार्ड पर निर्माण कराया जा रहा है जिसका अब गांव में विरोध होने लगा है वार्ड क्रमांक 7 और 8 के निवासियों ने गत दिवस पन्ना कलेक्टर एवं महिला बाल विकास के परियोजना अधिकारी को ज्ञापन सोपा है पत्र में स्थानीय महिलाओं का कहना है कि चुकी नवीन आंगनबाड़ी भवन अन्यत्र और दूर बनाये जाने से गर्भवती महिलाओ,बच्चों और अन्य लोगों को असुविधा होगी, पुराना भवन जर्जर हो चुका है यह शासकीय भवन है 50 वर्षों से यहां आंगनबाड़ी केंद्र संचालित था अब किराए के मकान में चल रहा है यहां जमीन भी रिक्त पड़ी हुई है इस कारण से नवीन भवन का निर्माण भी इसी स्थान पर कराया जाना चाहिए लेकिन कुछ लोग इसका स्थान परिवर्तन कर अपने निजी हित में अपने पास निर्माण करना चाहते हैं जिस वार्ड क्रमांक 7 और 8 की निवासियों में आक्रोश है इसको लेकर महिलाओं ने अपना विरोध जताया है कलेक्टर एवं परियोजना अधिकारी को पत्र देकर बताया कि नवीन भवन निर्माण के लिए बजट स्वीकृत हो चुका है इसका निर्माण पुराने स्थान पर ही कराया जाए, उपलब्ध शासकीय भूमि पर ही निर्माण कराने की मांग की है मांग पत्र सौंपने वालों में श्रीमती सीमा सुरेहा,संगीता अग्रवाल, तजिया अहिरवार, शीला अहिरवार, ज्ञानवाई अहिरवार, उर्मिला सहित वार्ड की महिलाएं और पुरुषों ने ज्ञापन सोपा है।

## जिला अस्पताल पन्ना में महिलाओं की मर्यादा हो रही तार तार

### मेल मेडिकल वार्ड के टॉयलेट बाथरूम में दरवाजे हुए गायब

**पन्ना।** भले ही मध्य प्रदेश सरकार स्वास्थ्य व्यवस्था को मजबूत करने के लाख डिंडोरा पीट रही हो मगर जमिनीस्तर पर स्वास्थ्य व्यवस्थाएं बदहाल हैं। मध्य प्रदेश के जिला अस्पताल पन्ना में जहां मेडिसिन विशेषज्ञ डॉक्टर का भारी अभाव है एक मेडिसिन चिकित्सक डॉ प्रदीप दुबेदी के भरोसे पूरे पूरे जिला अस्पताल की व्यवस्थाएं 365 दिन संचालित हो रही हैं। ऐसे मे आप जान सकते हैं कि जिला अस्पताल की व्यवस्थाएं कितनी बेहतर होगी । क्योंकि एक डॉक्टर कब सोएगा कब भोजन करेगा और कब मरीजों को सेवाएं देगा यह एक सोचनीय विषय है। स्वास्थ्य व्यवस्थाओं के अलावा जिला अस्पताल पन्ना के मेल मेडिकल वार्ड में जो प्रसाधन कक्ष बने हैं उनके दरवाजे टूटे पड़े हुए हैं । पुरुष मरीजों के साथ में आने वाली महिलाओं की मर्यादाएं तार तार हो रही है। जिला अस्पताल प्रशासन प्रबंधन द्वारा ध्यान नहीं दिया जा रहा है, जो की एक जांच का विषय है। जिले के पन्ना विधानसभा क्षेत्र के विधायक पूर्व मंत्री ब्रजेन्द्र प्रताप



सिंह के क्षेत्र में यह अस्पताल आता है, ऐसे में जिला अस्पताल की व्यवस्थाएं बीच-बीच में देखना उनका दायित्व बनता है। मगर जिले के नेताओं द्वारा जिला अस्पताल को लेकर ध्यान ना देने के कारण जिला अस्पताल की व्यवस्थाएं भगवान भरोसे चल रही हैं। जहां एक और मरीजों को समय पर विषय विशेषज्ञ डॉक्टर उपलब्ध नहीं हो पा रहे हैं, वहीं अस्पताल में भर्ती मरीजों को मूलभूत सुविधाएं भी उपलब्ध न होने के कारण मरीजों एवं उनके परिजनों में भारी असंतोष व्याप्त है।

## खबर संक्षेप



### पारिवारिक कलह के बाद महिला ने निगला जहरीला पदार्थ, मौत

छतरपुर। नौगांव थाना क्षेत्र के ग्राम भदेसर में पारिवारिक कलह के बाद महिला ने जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया, जिससे उसकी हालत बिगड़ी और इलाज के दौरान मौत हो गई। बताया गया है कि भदेसर निवासी मनोज रैकवार की 25 वर्षीय पत्नी पिंकी का किसी बात को लेकर बीती रात परिवार से विवाद हो गया था, जिसके बाद उसने रात करीब 1 बजे अज्ञात जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। जब पिंकी की हालत बिगड़ी तो परिजन उसे तत्काल छतरपुर के एक निजी अस्पताल लेकर जाए लेकिन हालत गंभीर होने के कारण उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जिला अस्पताल में इलाज के दौरान पिंकी की मौत हो गई। रविवार की सुबह जिला अस्पताल में पोस्टमार्टम किए जाने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। पिंकी की भाभी रानी रैकवार ने बताया कि 7 साल पहले उसका विवाह हुआ था और उसके दो बच्चे भी हैं।

### बेटे ने लगाई पिता के हत्यारों को पकड़ने की गुहार



छतरपुर। करीब 9 दिन पहले ओरछा रोड थाना क्षेत्र में एक कर्मकांडी ब्राह्मण की हत्या का मामला सामने आया था, जिसमें पुलिस ने घटना के मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। मृतक के बेटे ने पुलिस अधिकारियों से शेष आरोपियों को पकड़ने की गुहार लगाई है। छतरपुर निवासी उमाशंकर अवस्थी ने बताया कि उसके पिता सुरेशचंद अवस्थी कर्मकांडी ब्राह्मण थे। गत 7 मार्च को वह ग्राम चौकी पुरवा विवाह कराने के लिए गए थे, जहां राजेश यादव ने उसके पिता की हत्या कर दी थी। उमाशंकर के मुताबिक पहले उसे बताया गया था कि उसके पिता की सड़क दुर्घटना में मृत्यु हुई है लेकिन जब उसने पिता के शव को देखा तो शरीर पर चोट के निशान मिले जिससे स्पष्ट था कि उन्हें पीट-पीटकर मौत के घाट उतारा गया है। इसके बाद परिजनों ने चक्काजाम किया और ओरछा रोड थाना में राजेश यादव सहित उसके दो अन्य साथियों पर हत्या का मामला दर्ज कराया। उमाशंकर ने बताया कि पुलिस ने राजेश यादव को तो गिरफ्तार कर लिया है लेकिन उसके साथी अब भी फरार हैं। उमाशंकर ने पुलिस अधिकारियों से फरार आरोपियों को गिरफ्तार कराने की मांग की है।

### युवा समाजसेवी ने जन्मदिन पर बुजुर्गों को कराए बागेश्वर धाम के दर्शन



छतरपुर। शहर के युवा समाजसेवी बंटी सोनकिया ने अपने जन्मदिन पर बुजुर्गों की अनूठी सेवा कर उनका आशीर्वाद लिया। दरअसल बंटी अपने जन्मदिन पर दर्शना वृद्धाश्रम में रहने वाले दो दर्जन बुजुर्गों को जिले के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल बागेश्वर धाम लेकर गए हैं, जहां बालाजी के दर्शन कराने के साथ ही उन्होंने धाम के पीठाधीश्वर पं. धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री से बुजुर्गों की मुलाकात कराई। समाजसेवी बंटी ने बताया कि दर्शना वृद्धाश्रम के बुजुर्गों की लंबे समय से बागेश्वर धाम जाने की इच्छा थी लेकिन सहयोग के अभाव में वे जा नहीं पा रहे थे। जब बंटी को इस बात की जानकारी लगी तो उन्होंने अपने जन्मदिन पर बुजुर्गों को बागेश्वर धाम ले जाने का निर्णय लिया।

### अंडर-13 टीम का चयन 18 मार्च को

छतरपुर। जिला छतरपुर क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा अंडर-13 क्रिकेट टीम का चयन 18 मार्च को सुबह 09:30 बजे से साईं स्पोर्ट्स अकैडमी क्रिकेट ग्राउंड पर किया जाएगा। एसोसिएशन के सचिव राजीव बिल्थरे ने बताया कि जिन खिलाड़ियों का जन्म 1 सितंबर 2011 या उसके बाद और 31 अगस्त 2014 के पहले हुआ है वे खिलाड़ी इस चयन प्रक्रिया में भाग ले सकते हैं। सभी खिलाड़ी अपने साथ ओरिजिनल डिजिटल जन्म प्रमाण पत्र एवं आधार कार्ड एवं पिछले लगातार तीन वर्षों की अंकसूची के ओरिजिनल प्रमाण पत्र एवं छाया प्रति अपने साथ लेकर उपस्थित होंगे। सभी खिलाड़ियों का सफेद ड्रेस में अपनी किट के साथ समय पर आना अनिवार्य है।

## युवक के सिर और महिला के कंधे में लगी गोली

# राजीनामा नहीं किया तो परिवार पर हुई फायरिंग

छतरपुर।

**जिले के प्रकाश बम्हौरी थाना क्षेत्र के ग्राम जोगा में रविवार की सुबह फायरिंग का मामला सामने आया है। बताया गया है कि आरोपी पक्ष, पीड़ित परिवार पर एक मामले में राजीनामा का दबाव बना रहा था और जब पीड़ितों ने बात नहीं मानी तो आरोपियों ने फायरिंग कर दी।**



घटना में एक युवक के सिर में और महिला के कंधे में गोली लगी है, जिन्हें स्थानीय अस्पताल से जिला चिकित्सालय रेफर किया गया है। ग्राम जोगा निवासी भूरा पाल ने बताया कि गांव के देवकी रैकवार से उसका पुराना विवाद है। करीब 3 माह पहले देवकी उसके घर में घुसा था और परिवार की महिला से छेड़छाड़ की थी, जिसकी शिकायत थाने में दर्ज है। इसी मामले में राजीनामा करने का दबाव देवकी रैकवार द्वारा बनाया जा रहा था। जब भूरा के परिवार ने देवकी की बात नहीं मानी तो रविवार की सुबह देवकी रैकवार अपने साथी मथुरा, कल्लू, सोबरन तथा विष्णु के साथ भूरा के घर पहुंचा और फायरिंग शुरु कर दी। भूरा के मुताबिक आरोपियों ने कुल 3 राउंड फायर किए, जिसमें से एक गोली उसकी भाभी गिरजा पाल के कंधे में लगी, दूसरी गोली भूरा के सिर को छूते हुए निकली और तीसरा फायर मिस हो गया, जो कि आरोपियों ने भूरा के भाई पर किया था। घटना के बाद आरोपी पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। वहीं घायलों को गौरिहार अस्पताल ले जाया गया जहां प्राथमिक उपचार किए जाने के बाद भूरा और गिरजा पाल को जिला अस्पताल रेफर किया गया है। पीड़ित भूरा का कहना है कि 3 माह पहले हुई घटना में पुलिस द्वारा अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है, जिसके चलते आरोपियों के हौसले बुलंद हैं। यदि उन्हें पकड़ लिया जाता तो आज यह घटना नहीं होती। फायरिंग की घटना के बाद प्रकाश बम्हौरी पुलिस द्वारा एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है।

## विरोध के बाद ट्रांसफार्मर के स्थानांतरण पर लगी रोक, वापस लौटे अधिकारी कर्मचारी



**एसईसीएल जमुना कोतमा क्षेत्र के विद्युत विभाग के अधिकारियों की मनमानी का किया विरोध**

**अनूपपुर।** एसईसीएल जमुना कोतमा क्षेत्र के जमुना कॉलोनी पाथरखेड़ा दुर्गा पंडाल में लगे ढाई सौ केवी के ट्रांसफार्मर को प्रबंधन द्वारा खोलकर अन्य स्थान पर ले जाने का प्रयास किया जा रहा था तथा उसके स्थान पर 150 केवी का ट्रांसफार्मर लगाया जा रहा था, तभी स्थानीय लोगों तथा एसएमएस यूनियन के द्वारा प्रबंधन के इस निर्णय का विरोध किया। एसएमएस यूनियन के क्षेत्रीय अध्यक्ष श्रीकांत शुक्ला एवं महामंत्री विक्रम प्रसाद मौके पर खड़े होकर प्रबंधन के इस निर्णय का पुरजोर विरोध किया और कहा कि जमुना कोतमा क्षेत्र के विद्युत विभाग के अधिकारी त्योहार के समय पर जो घटिया हरकत कर रहे हैं वह ठीक नहीं है। हजारों कर्मचारी यहां निवासरत हैं जिसकी चिंता प्रबंधन को नहीं है। वार्ड नंबर 5 की पार्षद श्रीमती सरोज लोधी ने कहा कि वर्तमान समय में जो ढाई सौ केवी का ट्रांसफार्मर लगाया गया है उससे हमारे वार्ड की बिजली सुचारू रूप से संचालित हो रही है लेकिन एसईसीएल के अधिकारी यहां के ट्रांसफार्मर को खोलकर दूसरे स्थान पर ले जाने का प्रयास कर रहे हैं जिसका हम सब विरोध करते हैं। प्रबंधन के अधिकारियों को हमारे क्षेत्र की जनता चैन की नींद सो सके यह रास नहीं आ रहा है। स्थानीय लोगों तथा एसएमएस यूनियन के विरोध के बाद एसईसीएल जमुना कोतमा में क्षेत्र के विद्युत विभाग के अधिकारियों को उल्टे पैर लौटना पड़ा और बंद की गई विद्युत सप्लाई को चालू करनी पड़ी।

## शराबी कार चालक ने बाईक को मारी टक्कर, युवक की मौत

छतरपुर।



जिला मुख्यालय के सिविल लाइन थाना क्षेत्र में सागर-कानपुर हाईवे पर एक शराबी कार चालक ने बाईक से जा रहे युवक को टक्कर मार दी और इसके बाद कार छोड़कर मौके से भाग गया। घायल युवक को जिला अस्पताल लाया गया था, जहां इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। प्राप्त जानकारी के मुताबिक देरी गांव का रहने वाला 20 वर्षीय अमन पुत्र अजुद्दी कुशवाहा छतरपुर के एक मैरिज हॉल की देखरेख करता था। बीते रोज वह बाईक से ग्राम अनगौर अपने मामा के घर जा रहा था तभी शिव ढाबा के पास सामने से तेज रफ्तार में आ रही नैनो कार क्रमांक यूपी 26 एएच 1311 के चालक ने उसे टक्कर मार दी। दुर्घटना में अमन बुरी तरह घायल हो गया था, जिसे स्थानीय लोगों ने एंबुलेंस से जिला अस्पताल पहुंचाया। घायल अमन ने जिला अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। हरि वाटिका मैरिज हाउस के संचालक आशीष पटेल ने बताया कि कार चालक शराब के नशे में धुत्त था और उसने गलत साईड पर आकर अमन की बाईक को टक्कर मारी है। घटना के बाद वह कार छोड़कर मौके से भाग गया था। सिविल लाइन थाना प्रभारी बल्मीकि चौबे ने बताया कि मृतक का पोस्टमार्टम कराया गया है, दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को जप्त कर फरार कार चालक की तलाश की जा रही है।

## हर्षोल्लास से मनाया गया होली का त्यौहार





सटई।

रंगो का पर्व होली नगर में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सभी ने एक-दूसरे को तिलक लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं, वहीं युवाओं ने नगर की गलियों में एक-दूसरे पर जमकर रंग बरसाए। बच्चे और महिलाएं भी पीछे नहीं रहीं, उन्होंने भी जमकर होली खेली। एक ओर नगर के बिहारी जी मंदिर में धार्मिक गीतों पर लोग नाचते नजर आए तो वहीं दूसरी ओर मिठाई की दुकानों पर लोगों की भारी भीड़ दिखी। पूरे नगर ने आपसी भाईचारे और अन्य धर्मों का सम्मान करते हुए रंगों का त्यौहार मनाया। सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस बल भी निगरानी करता रहा लेकिन कहीं भी आशांति देखने को नहीं मिली।

### राज्यमंत्री ने चंदला विधानसभा में मनाई होली

रविवार को मध्य प्रदेश शासन के राज्यमंत्री तथा चंदला विधायक दिलीप अहिरवार ने कार्यकर्ताओं के साथ चंदला विधानसभा में होली का त्यौहार मनाया। राज्यमंत्री ने कहा कि चूंकि चंदला विधानसभा क्षेत्र की जनता के आशीर्वाद से ही वे क्षेत्र की सेवा कर पा रहे हैं, इसलिए यहां की जनता के साथ होली का त्यौहार मनाने आए हैं। सुबह 11 बजे से चंदला में कार्यक्रम की शुरुआत हुई और चंदला के बाद वे भ्रमण करते हुए क्षेत्र के सरवई, बारीगढ़ जैसे अन्य कस्बों में भी पहुंचे, जहां के लोगों के साथ राज्यमंत्री ने होली खेली। इस दौरान उनके साथ नगर परिषद उपाध्यक्ष अंशु हर्षित शुक्ला, युवा मोर्चा अध्यक्ष विनय सिंह दिखित, राहुल द्विवेदी, लखन अवस्थी, महेंद पटेल आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## नल जल योजना में लापरवाही

## अनूपपुर के हैंडपंप उगल रहे हवा, लाखों की टंकी बनी शोपीस

राजेन्द्रग्राम।



सरकार की बहुप्रचारित नल जल योजना का सच अनूपपुर जिले में उजागर हो गया है। यहां के कई गांवों में हैंडपंप पानी की जगह हवा उगल रहे हैं, जबकि लाखों रुपये की लागत से बनी पानी की टंकी महज शोपीस बनकर रह गई है। परिणामस्वरूप, ग्रामीण गंदा पानी पीने को मजबूर हैं और अपनी बुनियादी जरूरत के लिए भटक रहे हैं।

### टंकी बेकार, पानी के लिए तरसते ग्रामीण

विशेष रूप से पुष्पराजगढ़ क्षेत्र के बरबसपुर गांव में हालात बदतर हो चुके हैं। ग्रामीणों के लिए स्वच्छ पेयजल का कोई इंतजाम नहीं है। जो लोग वाटर टैंक खरीद सकते हैं, वे बाजार से पानी खरीदकर गुजारा कर रहे हैं, जबकि बाकी गांववाले मजबूरी में तालाब और गड्ढों का गंदा पानी पीने को विवश हैं। गांव में पहले कई बोरवेल थे, लेकिन प्रशासन की लापरवाही के कारण उनमें केसिंग पाइप नहीं डाले गए, जिससे जल स्रोत बंद हो गए। वहीं, सरकार द्वारा बिछाई गई जल सप्लाई पाइपलाइन कई जगह जमीन के ऊपर पड़ी नजर आ रही है, जबकि घर-घर लगाए गए नल अब तक पानी की एक बूंद नहीं दे सके हैं।

### 100% कागजों में संचालित योजना

नल जल योजना के तहत गांव-गांव में हैंडपंप लगाने के लिए प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना की सड़कों को जगह-जगह से तोड़ दिया गया, जिससे दुर्घटनाएं बढ़ गई हैं। हालांकि, कागजों पर यह योजना 100% सफल बताई जा रही है, लेकिन जमीनी सच्चाई कुछ और ही बयां कर रही है।

## होली उत्सव पर नुक्कड़-नाटक के माध्यम से किया जागरूक



अमरकंटक।


पवित्र नगरी अमरकंटक में स्थित पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय अमरकंटक के प्राचार्य डॉ एस.के.राय के नेतृत्व में होली महोत्सव हर्षोल्लास, धूमधाम व शांतिपूर्वक मनाया गया। सर्वप्रथम प्राचार्य द्वारा होली की शुभकामनाएं दी, और सभी को प्राकृतिक रंगों से खेलने की अपील की और होली के सामाजिक और सांस्कृतिक महत्व बताये। इसके बाद होली मिलन में शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने एक दूसरे को रंग लगाकर पर्व की शुभकामनाएं दी और मिलकर सभी ने रंगारंग डांस किया। इस अवसर पर पेस सेटिंग गतिविधि के अंतर्गत मेरा भारत नशामुक्त भारत की थीम पर मेरा विद्यालय नशामुक्त विद्यालय जागरूकता अभियान का शुभारंभ किया। इस अवसर पर कक्षा नवमी के छात्र-छात्रा द्वारा नुक्कड़ नाटक होली दिवस पर विद्यालय के चौराहे पर प्रर्दशन कर शुभारंभ किया जिसमें मुख्य किरदार व्यसन राज-द्ववेदी, तंबाकू-प्रयाग, पान-सौर्य , शराब-नूतन, सिगरेट-सौरभ,ड्रग्स-मनीष को भारत माता-शैली ने अपने ज्ञान, वरदान और आशीर्वाद से किया लोगों को जागरूक। जिसका मुख्य उद्देश्य योग और मेडिटेशन को जीवन में धारण कर जागरूकता फैलाना और एक स्वस्थ, सुखी, एवं नशा मुक्त भारत का निर्माण करना है। उपस्थित 300 लोगों को सक्षम ने नशा मुक्ति पर सामुहिक शपथ दिलवाई और उपस्थित दर्शकों ने कहा कि वे दूसरे लोगों को भी नशा न करने के लिए प्रेरित करेंगे। इस अवसर पर समस्त स्टाफ, अभिभावक एवं स्टाफ फेमिली उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन हेतु समस्त शिक्षकों और विद्यार्थियों का आभार डॉ.ए.के.शुक्ला द्वारा व्यक्त किया गया।

## शिक्षा विभाग की कारनामा...

## दिवंगत प्राचार्य को मिला उत्तर पुस्तिका के मूल्यांकन का जिम्मा

### सवालों के घेरे में आए जिला शिक्षा अधिकारी सहित विभागीय कर्मचारी

छतरपुर।




अक्सर लापरवाही के लिए सुर्खियों में रहने वाले छतरपुर के शिक्षा विभाग का एक और चौंकाने वाला कारनामा सामने आया है। इस बार विभाग ने एक दिवंगत प्राचार्य को उत्तरपुस्तिकाओं के मूल्यांकन का जिम्मा सौंपा है, जो विभाग के साथ पूरे जिले में चर्चा का विषय बना हुआ है। मामला उजागर होने के बाद जिला शिक्षा अधिकारी ने गलती स्वीकारते हुए दिवंगत प्राचार्य का नाम ड्यूटी से हटाने की बात कही है लेकिन इस आशय का आदेश अभी तक सामने नहीं आया है। बहरहाल जो भी हो लेकिन शिक्षा विभाग के इस कारनामे से न सिर्फ छतरपुर बल्कि संपूर्ण मध्यप्रदेश में यहां के अधिकारी-कर्मचारियों की किरकिरी हो रही है।

### यह है मामला

उल्लेखनीय है कि 13 मार्च से बोर्ड परीक्षाओं की उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन की प्रक्रिया शुरु हो गई है और शिक्षा विभाग द्वारा इस कार्य में जिले के लगभग 5 सैकड़ा शिक्षकों की ड्यूटी लगाई गई है। लापरवाही यह है कि इन 5 सैकड़ा शिक्षकों में एक नाम सीपी तिवारी का है जो कि हाई स्कूल सिमरिया के भूतपूर्व प्राचार्य और जीव विज्ञान विषय के शिक्षक रहे हैं। 13 दिसंबर 2024 को उनका निधन हो गया था लेकिन शिक्षा विभाग के दस्तावेजों में वे आज भी जीवित हैं। मामला सामने तब आया जब जिला मुख्यालय के शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक-1 में 16 मार्च को उन्हें प्रशिक्षण के लिए आमंत्रित किया गया। शिक्षा विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुसार 16 मार्च को प्रशिक्षण की दूसरी पारी यानि की दोपहर डेढ़ बजे से पांच बजे तक उन्हें प्रशिक्षण के लिए आमंत्रित किया गया है।

### जांच के बावजूद कैसे हुई गलती?

गौरतलब है कि जिला शिक्षा अधिकारी ने 19 फरवरी 2025 को एक आदेश जारी कर जिले के सभी संकुल प्राचार्यों को निर्देश दिए थे कि वे 3 वर्ष से या उससे अधिक समय तक अध्यापन कार्य करा चुके शिक्षकों की सूची प्राचार्य के प्रमाणीकरण सहित उपलब्ध कराएं ताकि उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन कार्य में उनकी ड्यूटी लगाई जा सके। ऐसे में सवाल यह उठ रहा है कि जब ड्यूटी के लिए दी गई शिक्षकों की सूची का प्राचार्यों द्वारा प्रमाणीकरण किया गया तो यह गलती आखिर कैसे हुई? उल्लेखनीय है कि पिछले साल शिक्षा विभाग द्वारा 3 वर्ष से कम अध्यापन कराने वाले शिक्षकों की ड्यूटी उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन में लगाए जाने का मामला भी सुर्खियों में रहा था।

### इनका कहना

कितने शिक्षकों की ड्यूटी उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन में लगाई है इसकी सही संख्या मुझे पता नहीं है। एक दिवंगत प्राचार्य की ड्यूटी लगाए जाने का मामला मेरे में संज्ञान में आया है, संबंधित प्राचार्य की नाम सूची से हटा दिया गया है।

**आर.पी. प्रजापति, प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी, छतरपुर**

## खबर संक्षेप

### होली के हुड़दंग में कई लोग हुए बेरंग, सड़क हादसे व अधिक नशे के चलते 700 मरीज पहुंचे अस्पताल, तीन की मौत



रीवा। रीवा में होली का हुड़दंग कई लोगों के लिए समस्या बनकर भी आया। जिले में इस हुड़दंग सहित अन्य मामलों की वजह से 700 मरीज अस्पताल पहुंचे।शुक्रवार के बीते 24 घंटे में संजय गांधी अस्पताल में अलग अलग बीमारियों सहित, सड़क हादसे और अन्य कारणों से करीब 700 लोग पहुंचे हैं, जिनमें से तीन की मौत भी हुई है, संजय गांधी अस्पताल के सीएमओ डॉक्टर अतुल सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि होली के दिन बीते 24 घंटे के दौरान अस्पताल में अलग-अलग बीमारियों सहित सड़क दुर्घटना और विभिन्न कर्म से तकरीबन 700 लोगों आए हैं जिनमें से 130 लोगों को भर्ती किया गया है और 176 लोगों की मोच कराई गई है जबकि तीन लोगों की मृत्यु हो गई है जिसमें सभी लोग सड़क हादसे का शिकार हुए हैं डॉक्टर अतुल सिंह ने बताया कि इस दौरान अस्पताल में पुलिस की भी चुस्त दुरुस्त होनी व्यवस्था रही है उन्होंने कहा ज्यादातर मरीज होली के हुड़दंग वाले थे, जो सड़क दुर्घटना, गिरने या फिर नशे में थे, ज्यादातर मरीजों को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई है, जो गंभीर थे उन्हें भर्ती कर लिया गया है। जिनका उपचार जारी है।

### बाइक से आए बदमाशों ने युवक पर किया हमला, मोहल्ले में मचाया आतंक समान थाने क्षेत्र अंतर्गत बाणसागर कॉलोनी की घटना



रीवा। शहर के सामान थाना क्षेत्र अंतर्गत बाणसागर कॉलोनी मे बाइक से आए युवकों ने मोहल्ले में जमकर आतंक मचाया। एक युवक की बेदम पिटाई की और आराम से घटना को अंजाम देकर मौके से फरार हो गए। इसका वीडियो वायरल हुआ है, जिसके आधार पर पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है। समान थाने के बाणसागर कॉलोनी निवासी निहाल सिंह बैस पिता हीरालाल बुधवार की रात आठ बजे अपने घर के पास खड़ा था। उसी समय आरोपी आदित्य सौंधिया अपने 7 दोस्तों के साथ बाइकों में पर सवार होकर आया और और युवक पर हमला कर दिया। सरेराह उसकी बेदम पिटाई की। शोर शराबा सुनकर बड़ी संख्या में स्थानीय लोग एकत्र हो गए जिस पर आरोपी मौके से फरार हो गए। काफी देर तक मोहल्ले में वे आतंक मचाते रहे और पुलिस पेट्रोलिंग की पोल खोलकर रख दी। पीड़ित युवक ने थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई है जिस पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। इस घटना का वीडियो वायरल हुआ है जिसमें आरोपियों द्वारा खुलेआम है। आतंक मचाते नजर आ रहे है। पुलिस ने घायल युवक को उपचार के लिए अस्पताल भिजवा दिया। फिलहाल घटना को अंजाम देने वाले आरोपी फरार बताए जा रहे हैं। उनकी तलाश की जा रही है। पीड़ित के मुताबिक एक साल से उसका आरोपी से विवाद चल रहा है जिसका बदला लेने के लिए उसने इस घटना को अंजाम दिया है।

### 65 हैंडपम्पों में कुछ सही, बाकी सब खराब, पानी के लिये तरस रहे ग्रामीण लोगछदहना पंचायत का मामला

रीवा। जिले के जवा जनपद अंतर्गत ग्राम पंचायत छदहना में गर्मी की आहट के साथ ही पानी का संकट अब जोरो से गहरा रहा है। लोग पानी के लिए इधर से उधर भटक रहे हैं वही अभी गर्मी पूरी तरह से आई नही है तब ये हाल है। गर्मी में पानी की कितनी किल्लत होगी इसी बात से अंदाजा लगाया जा सकता है। आपको बता दे कि एक हफ्ते पहले जिला कलेक्टर ने पीएचई विभाग सहित अन्य विभागों की बैठक लेकर साफ तौर पर निर्देष दिए थे की एक हफ्ते के अंदर सभी गावो के खराब पड़े हैंडपंप तत्काल सुधार किए जाए लेकिन कलेक्टर का आदेश केवल हवा हवाई दिखाई दे रहा है। अभी तक पीएचई विभाग के कर्मचारी और अधिकारी कुंभ करण की नीद से नहीं जागे हैं। ग्राम पंचायत छदहना में आधा दर्जन टोला है जिनमे 400 की जनसंख्या है यहां 4 हैंडपंप है चारो खराब पड़े हैं लोग पानी के लिए किलो मीटर पैदल चल कर पानी ला रहे हैं। वही चारो हैडपंप में कुछ में तो वाटर लेवल बहुत नीचे चला गया हैं और कुछकी राइजिंग पाइप खराब पड़ी हैं।

# मऊगंज के गड़रा गांव में युवक को बंधक बनाकर हत्या

## पुलिस पर हमला, एएसआई की मौत, तहसीलदार सहित कई पुलिसकर्मी घायल, रीवा के संजय गांधी अस्पताल में चल रहा इलाज










रीवा मऊगंज

मऊगंज जिले के शाहपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले गड़रा नामक गांव में उस समय भारी तनाव की स्थिति निर्मित हो गई और जिला प्रशासन को धारा 163 का ऐलान करना पड़ा, जब शनिवार की दोपहर बाद पुरानी रंजिश के चलते ब्राह्मण परिवार के राहिल उर्फ सनी द्विवेदी नामक युवक को आदिवासी परिवार द्वारा बंधक बनाकर पीट पीट कर हत्या कर दी गई। इस बीच युवक के परिजन भी पहुंचे तो आदिवासी परिवार द्वारा उन पर भी हमला कर दिया गया किसी तरह भाग कर परिजनों ने भी अपनी जान बचाई। घटना जानकारी शाहपुर थाना पुलिस को दी गई। एसडीओपी अंकिता सुल्या महिला उप निरीक्षक आरती वर्मा तहसीलदार कुवारे लाल पनिका थाना प्रभारी शाहपुर संदीप भारती सहित अन्य पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे इस दौरान आरोपी आदिवासी परिवार द्वारा पुलिस कर्मियों पर हमला कर दिया गया जिसमें तहसीलदार एवं एसएफ के सहायक उप निरीक्षक सहित एक दर्जन पुलिस कर्मियों पर हमला कर दिया गया। इस दौरान एसडीओपी एवं महिला उप निरीक्षक ने एक कमरे में अपने आप को बंद कर अपनी जान बचाई। पुलिस द्वारा पुलिस कर्मियों को बंधक मुक्त कराने हेतु कई हवाई फायर किए गए वहीं हमले से हुए सभी घायलों को मऊगंज अस्पताल भेजा गया।जहां चिकित्सकों ने परीक्षण उपरांत एसएएफ 25वीं बटालियन भोपाल के सहायक उप निरीक्षक रामचरण गौतम को मृत घोषित कर दिया। वहीं घायलों के स्वास्थ्य में सुधार बताया गया है।घटना का मूल कारण-शाहपुर थाना क्षेत्र के गड़रा गांव निवासी अशोक आदिवासी पिता दौलत आदिवासी उम्र 45 वर्ष की करीब 6 माह पूर्व सड़क दुर्घटना में मौत हो गई थी जिस पर आदिवासी परिवार का आरोप था कि युवक की सड़क दुर्घटना में मौत नहीं हुई है बल्कि द्विवेदी परिवार द्वारा युवक की हत्या की गई है। जिसको लेकर दोनों पक्षों के बीच विगत 6 माह से रंजित चली आ रही थी। इधर शनिवार की दोपहर जैसे ही द्विवेदी परिवार का युवक राहिल उर्फ सनी द्विवेदी पिता डॉ रजनीश द्विवेदी आदिवासी बस्ती की ओर गया तो आदिवासी परिवार ने युवक को बंधक बनाकर हत्या कर दी। जिसके कारण ऐसी स्थिति निर्मित हुई।इधर घटना की जानकारी होते ही जहां कलेक्टर अजय श्रीवास्तव एवं पुलिस अधीक्षक रसना ठाकुर मौके पर पहुंचे।वहीं जानकारी होते ही प्रभारी आईजी रीवा जोन साकेत प्रकाश पांडेय मऊगंज पहुंचे अस्पताल में भरती पुलिसकर्मियों से मुलाकात की और चिकित्सकों को बेहतर इलाज हेतु निर्देश दिए साथ ही प्रभारी आईजी देर रात घटनास्थल पर भी पहुंचे घटना का पूरा विवरण लेते हुए अधीनस्थ अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।तहसीलदार सहित पुलिस कर्मचारी हुए घायल- गड़रा गांव में आरोपियों के हमले से शाहपुर थाना प्रभारी संदीप भारती, तहसीलदार कुवारे लाल पनिका, पुलिसकर्मी जवाहर सिंह यादव राम केवट राम लखन मिश्र विकास पांडे प्रीति यादव रामबचन यादव देववती मिश्रा सहायक उप निरीक्षक बृहस्पति पटेल आरक्षक अंकित शुक्ला उप निरीक्षक अनंत मिश्रा घायल हो गए। तहसीलदार कुवारे लाल पनिका एवं शाहपुर थाना प्रभारी संदीप भारती सहित कई घायलों को संजय गांधी अस्पताल रीवा रेफर किया गया है वहीं अन्य का मऊगंज के एक निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। सुनियोजित तरीके से किया गया हमला-इस बारे जानकर सूत्रों ने बताया कि अशोक कोल की मौत के बाद से गडरा गाव मे वर्ग संघर्ष की जमीन तैयार होने लगी थी। ब्राह्मण एवं आदिवासी परिवार के बीच रंजिश बनी रही। आदिवासी परिवार भी बदला लेने की तैयारी शुरू कर दी।आसपास के गांव में रहने बाले अन्य आदिवासी परिवार भी लामबंद होने लगे।सूत्र बताते है कि शनिवार दोपहर मृतक शनि आदिवासी बस्ती तरफ गया,जंहा उसके द्वारा अशोक के परिवार के साथ अभद्र व्यवहार किया,जिससे पहले से आक्रोशित आदिवासी परिवार का गुस्सा भड़क उठा,इसके आदिवासी परिवार ने शनि को घर मे बंद कर पीटना शुरू कर दिया। पुलिस आने वाली इस जानकारी पर अन्य गांव में रहने बाले कई आदिवासी गडरा पहुच गया,इसके 200 से ज्यादा आदिवासी लोगो ने पुलिस पर हमला कर दिया। जिस वक्त पुलिस पर हमला किया गया उसे वक्त योजनाबद्ध तरीके से गांव की पूरी लाइट काट दी गई और अंधेरा छा गया जिससे स्पष्ट होता है कि सब कुछ योजनाबद्ध तरीके से हुआ। पुलिस के प्रति थी नाराजगी-घटना के संबंध में सूत्रो की माने तो पूर्व में आदिवासी परिवार द्विवेदी परिवार की जमीन अधिया में लेकर खेती करता था कुछ समय पूर्व अशोक कोल ने द्विवेदी परिवार से लगे खेत से जमीन खरीदी।इस जमीन पर द्विवेदी परिवार की नजर थी और वो यह जमीन खरीदना चाह रहे थे,लेकिन जमीन अशोक के द्वारा खरीद लिए जाने पर द्विवेदी परिवार और अशोक के परिवार के बीच विवाद की शुरुआत हो गई। करीब छः माह पूर्व मऊगंज से वापस आते अशोक कोल हादसे का शिकार हो गया।अशोक के परिजनों ने आरोप लगाया कि द्विवेदी परिवार के द्वारा हत्या की गई है,जांच के बाद पुलिस ने कहा कि अशोक की मौत हत्या नही है बल्कि बाइक भैंस से टकराने के कारण आई चोट के कारण उसकी जान गई है।मृतक अशोक के परिवार के लोग पुलिस की जांच से संतुष्ट नही थे,उनका आरोप था कि पुलिस अशोक की हत्या करने बालो से मिली हुई है और साजिश रच अशोक की हत्या को सड़क हादसा साबित कर दिया। यही वजह रही कि शनि द्विवेदी की हत्या करने के बाद मृतक अशोक के परिवार के लोगो ने मौके पर आई पुलिस टीम पर जानलेवा हमला कर दिया।सतना के निवासी थे हमले में मृतक एएसआई मऊगंज में पुलिस टीम पर हुए हमले में मृतक एएसआई रामचरण गौतम 25वीं बटालियन भोपाल में थे। जो वर्तमान में मऊगंज में पदस्थ थे। वे मूलत सतना जिले के कोठी थाना इलाके के पवैया गांव के रहने वाले थे। 8 महीने बाद उनका रिटायरमेंट था। रविवार की सुबह वैधानिक कार्यवाही उपरांत मृतक सहायक उप निरीक्षक केशव का सिविल अस्पताल मऊगंज में पीएम करा कर परिजनों को सौंप दिया गया है। जहां दोपहर उनका पार्थिव शरीर ग्रे गांव पहुंचा, जहां सा सम्मान दी गई अंतिम विदाई।पुलिस महानिदेशक ने मऊगंज की घटना में मृतक के परिजनों से की भेंट कर घटना स्थल का किया निरीक्षण

पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाना ने मऊगंज जिले के गड़रा गांव पहुंचकर दुखद घटना में मृतक रज्जन दुबे के परिजनों से भेंट की तथा उन्हें ढाढस बंधाया। पुलिस महानिदेशक ने घटना स्थल का निरीक्षण कर अधिकारियों को निर्देश दिए कि घटना में शामिल आरोपियों को तत्परता से पकड़कर कठोर कार्यवाही करें। उन्होंने कहा कि यह बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण घटना थी जिससे ऐसी स्थिति निर्मित हुई। शांति व्यवस्था बनाने के सभी प्रयास किए गए। पर्याप्त संख्या में पुलिस बल तैनात है तथा गांव में शांति का माहौल है। उन्होंने कहा कि आरोपियों को किसी भी हालत में बख्शा नहीं जाएगा। कुछ आरोपियों की पहचान कर गिरफ्तारी की गई है। शेष को शीघ्र ही गिरफ्तार कर उनके खिलाफ कठोर कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने घटना में एएसआई रामचरण गौतम के आकस्मिक निधन पर शोक व्यक्त किया तथा कहा कि पुलिस अपना कार्य पूरी मुस्तैदी से कर रही है।

इस दौरान एडीजी इंटेलीजेंस अनिल कुमार, कमिश्नर रीवा संभाग बीएस जामोद, डीआईजी साकेत प्रकाश पाण्डेय, कलेक्टर मऊगंज अजय श्रीवास्तव, पुलिस अधीक्षक रीवा विवेक सिंह, पुलिस अधीक्षक मऊगंज रसना ठाकुर सहित प्रशासन एवं पुलिस के अधिकारी उपस्थित रहे।घटना में मृतक के अंतिम संस्कार में शामिल हुए प्रभारी मंत्री। मृतक रज्जन दुबे का अंतिम संस्कार किया गया। मऊगंज जिले के प्रभारी मंत्री लखन सिंह पटेल अंतिम संस्कार में शामिल हुए। उन्होंने शोक संतप्त परिजनों से मुलाकात कर उन्हें सांत्वना दी तथा कहा कि आरोपियों के विरूद्ध कड़ी से कड़ी कार्यवाही की जाएगी। आरोपी व्यक्तियों को किसी भी हालत में बख्शा नहीं जाएगा। इस दौरान कमिश्नर रीवा संभाग बीएस जामोद, डीआईजी साकेत प्रकाश पाण्डेय, कलेक्टर मऊगंज अजय श्रीवास्तव, पुलिस अधीक्षक रसना ठाकुर, एसडीएम कमलेश पुरी सहित प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे।

# कड़ी सुरक्षा के बीच धूमधाम से मनाया गया होली का त्योहार





रीवा । रंगों का त्योहार होली जिलेभर में शुक्रवार को धूमधाम और हर्सोल्लास से मनाया गया। रंग,गुलाल और अबीर से एक- दूसरे को सराबोर करने की होड़ और होली के गीतों की मस्ती के साथ रंगों का त्योहार पूरे जिले में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। क्या अमीर, क्या गरीब सभी एक ही रंग में नजर रहे थे। हर तरफ होली की धूम थी। बच्चे, बूढ़े,जवान सभी होली की मस्ती में थे। जिले में होली शांतिपूर्ण रहीं। गुरुवार की शाम होलिका दहन के बाद से ही लोग होली के रंग में रंगने लगे। सुबह होते- होते लोग होली की मस्ती में डूब गए। बच्चों की मस्ती तो गुरूवार शाम से ही दिखने लगी थी। होली है होली है की गूंज हर गली, हर मुहल्ले में गूंजने लगी। बच्चे सुबह होने का इंतजार करने लगे। शुक्रवार की सुबह मौसम में ठंडापन था, लेकिन यह ठंडापन बच्चों के उत्साह को रोकने में विफल रहा। यहीं हाल आमजनों का भी रहा। सुबह 10 बजे के बाद हर कोई होलियाना मुड़ में नजर रहा था। होली आई रे कन्हाई, रंग बरसे की धून पर लोगों का जो थिरकना शुरू हुआ वह दोपहर तक जारी रहा। सड़क पर मतवालों की टोली चल रही थी जिनका काम हर आने जाने वालों को रंगों से सराबोर करना था।गांव से लेकर शहर तक होली की धूमगांव हो या शहर हर जगह होली की उमंग और उत्साह एक समान था। बच्चे सुबह से ही रंग, पिचकारी लेकर घर से निकल गए और अपने हम उम्र साथियों के साथ होली के आनंद में मशगूल हो गए। युवाओं की भी अपनी अगल महफिल जमीं थी। यह नजारा मुहल्ले के हर कॉलोनी, गली और चौक चौराहे पर दिख रहा था। महिलाओं की टोली भी किसी से कम नहीं थी। घर की छत या अपार्टमेंट की छत पर महिलाओं की महफिल जमी थी। पुरूषों की तरह महिलाओं ने भी होली का आनंद उठाया। सभी एक- दूसरे को रंगने में जुटी हुई थी। होली में लजीज व्यंजनों के बिना त्योहार अधूरा माना जाता है। होली की बधाई देने वालों की भी कमी नहीं थी। समूह में बंट कर लोग एक- दूसरे के घर पहुंचने और गुलाल लगा कर एक- दूसरे को होली की बधाई दी। बधाई देने का क्रम देर शाम तक जारी रहा।सुरक्षा व्यवस्था को लेकर रहे कड़े इंतजामहोली को लेकर सुरक्षा का पुख्ता इंतजार किया गया था। सभी संवेदनशील स्थानों पर पुलिस बल को तैनात किया गया था। वहीं, होली और रमजान का जुमा होने के कारण प्रभारी आईजी साकेत प्रसाद पाण्डेय एवं पुलिस अधीक्षक विवेक सिंह ने क्षेत्र का भ्रमण किया साथ ही पुलिस महकमा पूरी तरह सतर्क नजर आया। शहर सहित ग्रामीण इलाकों में थाना प्रभारी सहित पेट्रोलियम वाहन भ्रमण करते नजर आए। चेक पॉइंट बनाकर हुड़दंगीयो को पुलिस ने रोक कर समझाइए दी। चप्पा चप्पा पर पुलिस का पहरा रहा। बॉक्स डिप्टी सीएम ने कार्यकर्ताओं के साथ मनाई होली, फाग गायन भी किया रीवा में होली का त्योहार इस वर्ष जबरदस्त उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। शहरी क्षेत्रों में लोग रंग-गुलाल और अबीर से एक-दूसरे को रंग लगाकर शुभकामनाएं दे रहे हैं, वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में पारंपरिक फाग गायन की धूम मची हुई। डिप्टी सीएम राजेंद्र शुक्ल ने भी होली के रंग में डूबकर उत्सव में हिस्सा लिया, जहां वे प्रधानमंत्री मोदी की तस्वीर वाली पिचकारी के साथ नजर आए। बता दें कि डिप्टी सीएम की आवास पर सुबह से ही कार्यकर्ताओं की बधाई देने के लिए भीड़ लगी रही, रंग गुलाल लगाकर कार्यकर्ताओं ने डिप्टी सीएम राजेंद्र शुक्ला को होली की बधाई दी,वही होली के रंग में रंगकर कार्यकर्ताओं के साथ डिप्टी सीएम राजेंद्र शुक्ल ने फाग का गायन किया, इस मौके पर मंनगवा विधायक नरेंद्र प्रजापति, भाजपा जिला अध्यक्ष वीरेंद्र गुप्ता सहित सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# पुलिस लाइन में दिखा होली का धमाल डीजे की धुन पर थिरके पुलिस अफसर, एक-दूसरे को रंग लगाकर दी शुभकामनाएं



रीवा।

होली के त्योहार के साथ ही शुक्रवार को जुमे की नमाज शांतिपूर्ण संपन्न होने के बाद शनिवार को रीवा पुलिस ने रंगों के त्योहार का जमकर आनंद उठाया। पुलिस लाइन में खास होली समारोह आयोजित किया गया जिसमे डीआई साकेत प्रसाद पाण्डेय एवं पुलिस अधीक्षक विवेक सिंह समेत तमाम पुलिस अधिकारी और जवानों ने एक साथ होली खेली और जमकर रंग-गुलाल उड़ाया। होली के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए 13 और 14 मार्च को पुलिसकर्मियों ने मुस्तैदी से अपनी ड्यूटी निभाई, जिसके बाद शनिवार को सभी ने पूरे जोश के साथ होली का जश्न मनाया। पुलिस की होली में एसपी विवेक सिंह, एएसपी विवेक कुमार लाल, सीएसपी शिवाली चतुर्वेदी सहित थानों के समस्त थाना प्रभारी और कर्मचारी मौजूद रहे है,बता दें कि सालभर वर्दी का रौब दिखाने वाली पुलिस के आला अफसर आज होली के रंग में सराबोर नजर आए। होली मिलन में सिपाही से लेकर डीआईजी, एसपी और एएसपी, सबने रंग की तरंग में पुलिसिया रौब भूल एक-दूसरे को खूब गुलाल लगाए है। इस मौके पर अफसर-सिपाही का भेद भी कहीं नहीं दिखा है। पूरा माहौल मानों होली के रंगों में रंग गया। अफसरों ने कहा कि साल भर कानून व्यवस्था की आपाधापी और तनाव में रहने वाले जवान होली के दूसरे दिन जमकर उत्सव मनाते हैं पुलिस लाइन में आयोजित हुए होली मिलन समारोह में सारा दबाव अफसर व अधीनस्थ का भेद भूल गए। ढोलक की थाप पर जवानों ने बिंदास होकर डांस किया। जवानों ने अफसरों के चेहरों को रंगबिरंगा बना दिया। यहां अफसर भी पीछे नहीं रहे, जवानों को रंगने में कोई कसर नहीं छोड़ी।पारंपरिक फाग गान भी हुएफिल्मी गानों के साथ-साथ होली के पारंपरिक गानों पर भी अधिकारियों ने डांस किया। इस दौरान सभी ने एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर जमकर होली खेली। इस दौरान अधिकारी मौजूद रहे और सभी ने एक दूसरे को होली की बधाई दी। वही इस होली समारोह में पुलिसकर्मियों के परिवार के सदस्य भी शामिल हुए और सभी ने एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। यह आयोजन पुलिस महकमे के बीच आपसी भाईचारे और सौहार्द को मजबूत करने का शानदार अवसर साबित हुआ।

## मऊगंज में घटित घटना निंदनीय और दुखद, अपराधियों के ख़िलाफ़ कड़ी से कड़ी कार्यवायी हो : राजीव सिंह शेरा

रीवा



मऊगंज में प्रशाशनिक और पुलिस अधिकारी और कर्मचारियों के साथ घटित हुई घटना मे आम आदमी पार्टी के रीवा जिला अध्यक्ष राजीव सिंह परिहार (शेरा सिंह) ने अत्यंत निंदनीय और दुखद बताते हुए वरिष्ठ अधिकारियों से अपराधियों के ख़िलाफ़ कड़ी से कड़ी कार्यवाही की मांग की है उन्होंने कहा कि होली के त्योहार के दिन अपराधियों के समूह द्वारा पहले एक व्यक्ति को बंधक बना लिया गया और फिर जब पुलिस और प्रशासन के लोग बचाने के लिए गए तब उन सभी द्वारा मिलकर सभी अधिकारियों के उपर प्राणघातक हमला किया जिसने एक पुलिस अधिकारी, सहित एक व्यक्ति की मौत हो गई और कई लोग घायल हो गए ये घटना पूरी तरह से समाज के लिए और कानून को मानने वालो के लिए अच्छी नहीं है ऐसे अपराधियों को तत्काल गिरफ्तार कर कड़ी से कड़ी सजा दिलायी जानी चाहिए और घायलो को अच्छे से अच्छा इलाज बेहतर संस्थान ( अस्पताल) में कराना चाहिए और मृतक पुलिस अधिकारी के परिवारजनों को एक करोंड की आर्थिक सहयता प्रदान की जाय और घायलो को बीस -बीस लाख की आर्थिक सहायता प्रदान की जाए ।

## स्कॉर्पियो की टक्कर से तेज रफ्तार इनोवा घर में घुसी, दीवार के बीच फंसी, एक घायल

रीवा



जिले के बैकुंठपुर थाना अंतर्गत हरदी मोड के पास स्कॉर्पियो व इनोवा के बीच जोरदार टक्कर हुई, टक्कर में इनोवा घर की दिवाल मे हवा में लटक गई, कुएं में गिरने बची जिसमे एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसको स्थानीय लोगों ने बाहर निकालकर इलाज के लिए अस्पताल भेजा। मिली जानकारी अनुसार शुक्रवार को होली के दिन तकरीबन शाम 5:00 बैकुंठपुर थाना क्षेत्र के हरदी मोड में रीवा से सिरमौर के तरफ तेज रफ्तार जा रही इनोवा जैसे ही हरदी मोड़ के पास पहुंची तभी मनगवा की तरफ से आ रहे स्कार्पियो वाहन के चालक ने टक्कर मार दिया, जिससे इनोवा वाहन रामावतार यादव के घर की बाउंड्री तोड़कर वाहन चेचिस के बल हवा में लटकने लगा, गनीमत यह रही की नीचे कुआ था अगर दीवाल पर बाडी न टिकती तो कुएं में गाड़ी समा जाती, वही दीवाल का हिस्सा युवक के ऊपर जा गिरा जिससे वह घायल हो गया उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है, देखते ही देखते घर के लोग इकट्ठा हो गए और बैकुंठपुर पुलिस को सूचना मिलते ही पुलिस बल के साथ थाना प्रभारी पहुंच गए और वाहन को निकलवाकर थाने में खड़ा करवा लिया है घटना में घायल कमलेश यादव निवासी कपूरी का उपचार जारी है। धमाके जैसी तेज आवाज सुनाई दी रामावतार यादव ने बताया कि सभी लोग घर के भीतर मौजूद थे। तभी अचानक धमाके जैसी तेज आवाज सुनाई दी। जब हम देखने के लिए बाहर निकलकर आए तो एक कार दीवार तोड़कर हवा में लटक रही थी। गनीमत रही कि कार थोड़ी और आगे नहीं आई। क्योंकि आगे कुआं था, जिससे कार कुएं में भी गिर सकती थी। एडिशनल एसपी विवेक लाल ने बताया कि इस सड़क दुर्घटना में किसी भी तरह की कोई जनहानि नहीं हुई है। सभी लोग सुरक्षित हैं।